इलाहाबाद विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF ALLAHABAD

संख्याः रा.भा./मंत्रालय अनुपालन/2018 / 1743

दिनांकः 18/06/2019

परिपत्र

विषय : इलाहाबाद विश्वविद्यालय में जांच बिंदु (Check point) स्थापित किए जाने के संबंध में।

महोदय,

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार के पत्रांक फा.सं.13035-19/2018-रा.भा.ए. दिनांक 22 नवंबर, 2018 के अनुपालन में इ.वि.वि. में प्रशासनिक कार्यों में हिंदी के प्रयोग के लिए **जांच बिंदु (Check point)** स्थापित किए जाते हैं।

क्र.सं.	विषय	जांच बिंदु/अनुपालन न करने की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी
1	राजभाषा अधिनियम की 3(3) के अंतर्गत जारी किए जाने वाले सभी कागजात द्विभाषी रूप में (हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में) जारी करना सुनिश्चित करना।	हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी
2	हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में देना।	हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी
3	क तथा ख क्षेत्रों से अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में देना।	संबंधित सहायक/ अनुभाग अधिकारी/हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी
4	सेवा पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां हिंदी में करना।	संयुक्त कुलसचिव / सहायक कुलसचिव (कार्मिक)
5	सरकार के आदेशों के अनुसार हिंदी भाषा/टंकण/आशुलिपि का प्रशिक्षण सुनिश्चित करना।	राजभाषा अनुभाग
6	कंप्यूटरों पर यूनिकोड समर्थित हिंदी फांट सुनिश्चित करना।	क्रय अनुभाग/ आई.सी.टी सेल
7	लेखन सामग्री, वाहनों आदि पर इ.वि.वि. का नाम तथा अन्य विवरण द्विभाषी (हिंदी/अंग्रेजी) होना।	क्रय अधिकारी
8	रबड़ की मोहरें द्विभाषी रूप (हिंदी/अंग्रेजी) में बनाना।	क्रय अधिकारी/ विभागाध्यक्ष
9	जो विज्ञापन अंग्रेजी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में दिया जाए उसे अनिवार्यतः हिंदी भाषा में भी प्रकाशित कराया जाए।	क्रय अधिकारी/ संबंधित अनुभाग
10	बैनर, साइन बोर्ड, नामपट्ट, संकेतक, निमंत्रण पत्र तथा प्रदर्शन सामग्री द्विभाषी (हिंदी/अंग्रेजी) में प्रकाशित कराया जाए।	संबंधित आयोजनकर्ता/कुलअभियंता/क्रय अधिकारी
11	वेबसाइट द्विभाषी(हिंदी/अंग्रेजी) में बनाना अर्थात वेबसाइट पर समस्त सामग्री द्विभाषी रूप में अपलोड करना।	आई.सी.टी.सेल
12	सभी रजिस्टरों पर शीर्ष नाम तथा विवरण द्विभाषी (हिंदी/अंग्रेजी) रूप में लिखना।	अनुभाग अधिकारी
13	वेतन बिल/पर्ची द्विभाषी रूप में लिखना	यू.आई.एस युनिट कंप्यूटर सेंटर
14	बैठकों में वार्तालाप/कार्रवाई (कार्य सूची Agenda तथा कार्यवृत्त Minute) हिंदी में भी सुनिश्चित करना।	संबंधित कार्यालय

नरेन्द्र कुमार शुक्ल
18/6/19

कुलसचिव एवं अध्यक्ष,
राजभाषा कार्यान्वयन समिति

कुल सचिव
एवं
अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अनुवर्ती कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रभारी आई.सी.टी.सेल – वेब साइट पर अपलोड करने हेतु
2. समस्त अधिष्ठाता, इ.वि.वि.
3. समस्त विभागाध्यक्ष, इ .वि.वि.
4. परीक्षा नियंत्रक, इ.वि.वि.
5. कुलानुशासक, इ.वि.वि.
6. वित्त अधिकारी, इ.वि.वि.
7. समस्त संयुक्त/सहायक कुलसचिव, इ.वि.वि.
8. पुस्तकालयाध्यक्ष, इ.वि.वि.
9. कुल अभियंता, इ.वि.वि.
10. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के समस्त सदस्य
11. कुलसचिव के वैयक्तिक सहायक
12. कुलपति के सचिव को कुलपति महोदय को सादर सूचनार्थ

संतोष भदौरिया
31.5.201

संयोजक,
राजभाषा कार्यान्वयन समिति

राजभाषा विभाग
RAJBHASHA CELL
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
University of Allahabad